केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, इलाहाबाद
जनसम्पर्क विभाग

संख्या :
कोर/जी/पीआर/010 भाग-XXII दिनांक 19.08.2020

**प्रेस विज्ञप्ति**

**केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न**

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन,प्रयगराज में दिनांक 19.08.2020 को महाप्रबंधक श्री यशपाल सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक ऑनलाइन आयोजित की गई।

महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि कोविड-19 महामारी के इस दौर में यह हम सबका सौभाग्य है कि हम स्वस्थ रहते हुए इस बैठक में भाग ले रहे हैं। कोविड-19 एवं लाकडाउन संकट के बावजूद हमारी अहमदाबाद परियोजना ने तकनीकी संगोष्ठी, प्रेमचंद जयंती एवं बैठक का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि कोर की तरह परियोजनाओं में भी पुस्तकालय की पुस्तकें वेबसाइट पर अपलोड की जाए जिससे सदस्यगण इसका लाभ उठा सकें।

इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर श्री सुरेश कुमार ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का काफी प्रयोग हो रहा है किंतु अभी भी बहुत सारे काम अंग्रेजी में हो रहे हैं जबकि उद्देश्य है कि सरकारी कामकाज में सामान्यत: हिंदी का प्रयोग हो। यही हमारे संविधान की मूल भावना में निहित है। उन्होंने अपने संबोधन में स्वाधीनता शब्द की विशद व्याख्या की।

**इस अवसर पर महाप्रबंधक ने राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रक " विद्युत प्रभा" का विमोचन किया।**

बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष सर्वश्री अरुण कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी , आशुतोष, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, श्रीमती प्रमिला सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, हरीश गुप्ता, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, अखिलेश चन्द्रा, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेसुब, एस.के.मिश्रा, सचिव/महाप्रबंधक ने भाग लिया तथा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से परियोजनाओं के मुख्य परियोजना निदेशक तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं कोर मुख्यालय के सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा ) भी वेबेक्स के माध्यम से शामिल हुए। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य- सचिव श्रीमती सुनीला यादव ने किया।

(अमिताभ शर्मा)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज